कक्षा -7

विषय - सामाजिक विषय

प्रश्न -1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) महमूद गजनवी का भारत पर आक्रमण का क्या उद्देश्य था?

(ख) दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक किसे माना जाता है?

(ग) पृथ्वी की आंतरिक परतों के नाम लिखिए।

(घ) महाद्वीप और महासागर किस प्रकार के उच्चावच हैं?

(ङ) भूकम्प आने के समय अपनाई जा सकने वाली सावधानियां लिखिए।

प्रश्न -2 सही मिलान कीजिए -

| | |
|---|---|
| (क) अढ़ाई दिन का झोपड़ा | रजिया |
| (ख) टंका एवं जीतल | कुतुबुद्दीन ऐबक |
| (ग ) प्रथम मुस्लिम शासिका | बलबन |
| (घ) सिजदा और पायबोस | इल्तुतमिश |

प्रश्न - 3 निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) सोमनाथ मंदिर कहाँ स्थित है?

(ख) इस्लाम धर्म का संस्थापक कौन था?

(ग) मोहम्मद तुगलक ने चाँदी के स्थान पर किसके सिक्के चलाए।

(घ) मौलिक अधिकारों की कितनी संख्या है?

(ङ) संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?

प्रश्न -4 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(क) ज्वालामुखी के छिद्र को ----- कहते हैं।

(ख) मैग्मा जब धरातल पर फैलता है तो उसे ----- कहते हैं।

(ग) महमूद गजनवी ने भारत पर ----- बार आक्रमण किया।

(घ) कुतुबमीनार को ----- ने पूर्ण करवाया।

(ङ) संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष ----- थे।

प्रश्न -5 निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प पर सही का (✓) चिह्न लगाइए।

(क) भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे।

(अ) डॉ राजेंद्र प्रसाद

(ब) डॉ भीमराव अम्बेडकर

(स) पंडित जवाहरलाल नेहरू

(द) नरेन्द्र मोदी

(ख) मौलिक अधिकारों की संख्या है -

(अ) 8 (ब) 6

(स) 7 (द) 9

प्रश्न- 6 सही कथन के आगे सही (✓) तथा गलत कथन के आगे गलत (×) का चिह्न लगाइए-

(क) लोकसभा का कार्यकाल 6 वर्ष के लिए होता है।

(ख) भारत में 28 राज्य स्थित हैं।

(ग) पर्वत पठार मैदान प्रथम श्रेणी के उच्चावच हैं।

(घ) मलिक काफूर अलाउद्दीन का सेनापति था।

(ङ) खिलजी वंश का संस्थापक अलाउद्दीन खिलजी था।

प्रश्न-7 आपके विद्यालय में छात्र-छात्राओं को सरकार की ओर से कौन-कौन सी सुविधाएं प्राप्त होती हैं? सूची बनाइए।

प्रश्न- 8 पृथ्वी की आंतरिक बनावट का चित्र बनाइए।

प्रश्न- 9 विश्व के मानचित्र पर ज्वालामुखी क्षेत्रों को छायांकित कीजिए।

प्रश्न - 10 V आकार की घाटी और U आकार की घाटी का चित्र बनाइए।

प्रश्न- 11 अपने परिवेश में बाढ़ या भारी वर्षा से होने वाले नुकसान को लिखिए।

प्रश्न- 12 वायुमण्डल में कौन-कौन सी परतें पाई जाती हैं?

प्रश्न- 13 मौसम सम्बंधित घटनाएं वायुमंडल के किस परत में होती है?

प्रश्न-14 वायुमण्डल में कौन-कौन सी गैसें हैं? इनका प्रतिशत भी लिखिए।

प्रश्न- 15 अपने आसपास पाए जाने वाले पाँच वृक्षों के नाम और उनकी उपयोगिता लिखिए।

प्रश्न- 16 अन्तर स्पष्ट कीजिए -

(क) अपक्षय और अपरदन

(ख) V आकार की घाटी और U आकार की घाटी

(ग) भौतिक और रासायनिक अपक्षय

प्रश्न -17 निम्नलिखित राज्यों को उनकी राजधानी से मिलान कीजिए।

| राज्य | राजधानी |
|---|---|
| असम | पटना |
| बिहार | भोपाल |
| राजस्थान | दिसपुर |
| मध्य प्रदेश | जयपुर |
| सिक्किम | गंगटोक |